# करौली के पांचना बांध की नहरों में पानी खुलवाने की मांग पुरजोर उठी

## करौली-ग्रामोत्थान संस्था ने मुख्यमंत्री, सांसद, विधायक, मुख्य सचिव, संभागीय आयुक्त, कलेक्टर्स और स्थानीय नेताओं को पत्र लिखे

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर ।** करौली के पांचना बांध की नहरों में पानी खुलवाने की मांग करते हुए करौली-ग्रामोत्थान संस्था के अध्यक्ष रघुवीर प्रसाद मीना एवं महासचिव महेन्द्र सिंह मीना ने मुख्यमंत्री, कृषि मंत्री, जल संसाधन मंत्री, गृह राज्य मंत्री तथा टोंक-सवाईमाधोपुर, करौली-धौलपुर के सांसद, करौली विधायक, करौली जिला प्रभारी, भाजपा जिलाध्यक्ष करौली-सवाईमाधोपुर के साथ-साथ मुख्य सचिव, संभागीय आयुक्त भरतपुर व कलेक्टर करौली व सवाईमाधोपुर को पत्र लिखा है।

- **गौरतलब है कि जलदाय विभाग के सुप्रीडेंटेंड इंजीनियर ने गत 5 मार्च को हाईकोर्ट में बयान दिया था कि इस परियोजना से वंचित रहे 13 गांवों को जोड़ने के लिए एक अन्य लिफ्ट इरिग्रेशन प्रोजेक्ट का प्रस्ताव दिया था, परंतु पूर्ववर्ती अशोक गहलोत ने 29 मार्च 2023 को उसे खारिज कर दिया था।''**
- **उधर पांचना संघर्ष समिति ने अब साफ चेतावनी दी है कि, ''जब तक गुडला पर 39 गांवों को पांचना लिफ्ट परियोजना की नहरों में पानी नहीं पहुंचेगा, तब तक कमांड एरिया की नहरों में बांध से एक बूंद भी पानी नहीं जाएगा।''**
- **ग्रामोत्थान संस्था के महासचिव महेन्द्र सिंह मीना का कहना है कि इस विवाद को सुलझाने के लिए राज्य सरकार द्वारा बनाई गई कमेटी की आज तक एक भी बैठक नहीं हुई है। इस लापरवाही का नतीजा यह है कि पांचना बांध के पानी की बर्बादी हो रही है।**

ग्रामोत्थान संस्था के महासचिव महेन्द्र सिंह मीना का कहना है कि इस विवाद को सुलझाने के लिए राज्य सरकार द्वारा बनाई गई जल वितरण समिति की आज तक एक भी बैठक नहीं हुई है। इस लापरवाही का नतीजा यह है कि पांचना बांध के पानी की बर्बादी हो रही है। वहीं पांचना संघर्ष समिति ने साफ चेताया है कि, जब तक गुडला पर क्षेत्र के 39 गांवों को पांचना लिफ्ट परियोजना की नहरों में पानी नहीं पहुंचेगा, तब तक कमांड एरिया की नहरों में बांध से एक बूंद भी पानी नहीं जाएगा।

गौरतलब है कि जलदाय विभाग के सुप्रीडेंटेंड इंजीनियर ने गत 5 मार्च को हाईकोर्ट में बयान दिया था कि इस परियोजना से वंचित रहे 13 गांवों को जोड़ने के लिए एक अन्य लिफ्ट इरिग्रेशन प्रोजेक्ट का प्रस्ताव दिया था, परंतु पूर्ववर्ती अशोक गहलोत ने 29 मार्च 2023 को उसे खारिज कर दिया था।'' ऐसे में सवाल यह उठता है कि, क्या गहलोत ने इस जनहित कार्य में पेंच इसलिए लगाया, क्योंकि यह क्षेत्र सचिन पायलट के प्रभाव क्षेत्र में आता है, और जहां राजनैतिक और जातिगत रेखाओं को जोड़कर कांग्रेस पार्टी को फायदा होता, वहां गहलोत ने अपने निजी फायदे को देखते हुए प्रोजेक्ट को रद्द कर दिया।

ग्रामोत्थान संस्था के महासचिव महेन्द्र सिंह मीना ने बताया कि वर्ष 1992 से 2005 तक 13 साल नहरों में पानी खोला गया। सम्पूर्ण कमांड एरिया के किसानों को सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध होने से अच्छी फसल की उपज से खुश थे। परन्तु अत्यंत खेद है कि वर्ष 2006 से पाँचना बांध में उपलब्ध पानी की लम्बे अरसे से बर्बादी हो रही है। बांध के कमांड एरिया की 48000 बीघा भूमि को सिंचाई हेतु पानी प्रशासन की उदासीनता व निष्क्रियता से पिछले 19 वर्षों से नहरों में पानी नहीं खोला जा रहा है। कमांड एरिया के 48 गांवों के 1.50 लाख किसान, मजदूर व व्यवसायी और उनके सभी परिवारजन बेहद दुखी व प्रताड़ित हो रहे है। मीना ने बताया कि हर स्तर पर लम्बे समय से लगातार व नियमित अनुरोध के पश्चात् भी जब पाँचना बांध की नहरों में सिंचाई के लिए पानी नहीं खोला गया तो ग्रामोत्थान संस्था ने कमांड एरिया के नागरिकों हेतु न्याय के लिए राजस्थान उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की। जिस पर राजस्थान उच्च न्यायालय ने इस जनहित याचिका पर 8 जुलाई 2022 के संदर्भित निर्णय में विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत विवरण देते हुए स्पष्ट रूप से निर्देशित किया है कि पाँचना बांध के बने हुए सिंचाई सिस्टम को संचालित करके नहरों में पानी खोला जाये।

2022 से अब तक चार वर्ष से अधिक समय बीत चुका है, फिर भी परियोजना से पानी उपलब्ध नहीं कराया गया है। सिंचाई सुविधाएं सभी के लिए आवश्यक हैं। सरकार राजनीतिक कारणों से इसे रोक नहीं सकती। लिफ्ट सिंचाई योजना और नहर 2005 से निर्मित हैं और इस पर भारी सार्वजनिक धन खर्च हो चुका है। राज्य अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि योजना को चालू किया जाए।

7 मार्च 2026 की अधीक्षण अभियंता की रिपोर्ट को देखते हुए न्यायालय ने निर्देश दिए है कि मौजूदा नहरों में तुरंत पानी छोड़ा जाए। जिन गांवों तक पानी नहीं पहुंचा है, उनके लिए लिंक नहर का निर्माण किया जाए। जहांआवश्यक हो, नहरों की मरम्मत की जाए। मरम्मत कार्य के कारण पानी छोड़ने में कोई बाधा नहीं आनी चाहिए।

परियोजना को गंभीरता से लिया जाए और शीघ्र पूर्ण किया जाए। इस आदेश का तत्काल पालन किया जाए, अन्यथा संबंधित सचिव एवं मुख्य अभियंता को अगली तारीख पर न्यायालय में उपस्थित होना होगा। अनुपालन हेतु अगली सुनवाई 1 मई 2026 को निर्धारित की गई है। ग्रामोत्थान संस्था के अध्यक्ष रघुवीर प्रसाद मीना एवं महेन्द्र सिंह मीना ने पत्र लिखकर उच्च न्यायालय के 23 अप्रैल 2026 के आदेश की अनुपालना करवाने और भीषण गर्मी के इन दिनों में पांचना डैम की नहरों में पानी खुलवाकर कमांड एरिया के 48 गांवों के 1.50 लाख किसानों को न्याय दिलवाने की मांग की है। इधर सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता विवेक बंसल का कहना है कि न्यायालय के आदेशों को उच्च अधिकारियों को भेज कर दिशा निर्देश मांगे गए हैं।

## बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड

**जयपुर।** करधनी थाना पुलिस ने वाहन चोरी और दुकानों में सेंधमारी करने वाले शातिर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 7 चोरी की मोटरसाइकिलें, बैटरियां, अल्टरनेटर और सेल्फ सहित अन्य सामान बरामद किया है। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) प्रशांत किरण ने बताया कि करधनी थाना पुलिस ने वाहन चोरी और दुकानों में सेंधमारी करने वाले शातिर गिरोह के शातिर बदमाश पीयूष यादव उर्फ चिंटू (30) निवासी नसीराबाद (अजमेर), तेजपाल (28) और फूलचंद (42) निवासी कापडियावास को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 7 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं, जिन्हें हाथोज, खोराबावडी और बैनाड़ रोड क्षेत्र से चुराया गया था। इसके अलावा दुकान से चोरी की गई 4 बैटरियां, 8 अल्टरनेटर और 2 सेल्फ भी बरामद किए गए हैं। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

## मुख्यमंत्री से डेनमार्क के राजदूत की शिष्टाचार भेंट



**जयपुर । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मंगलवार को डेनमार्क के राजदूत रासमस एबिल्डगार्ड क्रिस्टेंसन ने मुख्यमंत्री निवास पर मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी। इस दौरान दोनों ने प्रदेश में जल प्रबंधन, नवीकरणीय ऊर्जा एवं डेयरी के क्षेत्र में संभावनाओं को लेकर चर्चा की। साथ ही, राज्य में हरित विकास को बढ़ावा देने के लिए सतत कृषि एवं रीसाइकल अर्थव्यवस्था के संबंध में भी वार्ता की गई।**

# अमृत 2.0 के तहत राजस्थान में 11 हजार 560 करोड़ रुपए के काम प्रगतिरत

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रयासों से संवर रहा शहरों का बुनियादी ढांचा

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रयासों से राजस्थान में शहरी बुनियादी ढांचे को मजबूती देने का काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। अटल मिशन फॉर रिजुवेनेशन एंड अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन (अमृत) 2.0 के अंतर्गत केंद्र सरकार की स्वीकृति के बाद 11 हजार 560 करोड़ रुपए की राशि से राज्य के 200 शहरों और कस्बों में 363 परियोजनाओं पर काम चल रहा है। अमृत 2.0 के तहत चल रही इन परियोजनाओं में 5 हजार 950 करोड़ रुपए की सीवरेज एवं सेप्टेज प्रबंधन, 5 हजार 99 करोड़ रुपए लागत की जलापूर्ति परियोजनाएं और 505 करोड़ रुपए की जलाशय पुनरुद्धार परियोजनाएं शामिल हैं।

- **2026-27 में केन्द्र सरकार से मिलेगा 2341 करोड़ रुपए का बजट**
- **200 शहरों में 363 परियोजनाएं जल एवं स्वच्छता क्षेत्र में लाएंगी क्रांति**

जयपुर ग्रेटर नगर निगम क्षेत्र में सीवरेज नेटवर्क की मरम्मत और नए क्षेत्रों में सीवर लाइन बिछाने के 600 करोड़ रुपए के काम की डीपीआर तैयार की जा रही है, जबकि 731 करोड़ रुपए की जलापूर्ति योजना की डीपीआर स्वीकृत हो चुकी है। इसी तरह, हैरिटेज निगम क्षेत्र में एसटीपी निर्माण और अपग्रेडेशन, सीवर लाइनों की मरम्मत, पुरानी सीवर लाइनें बदलने और नई सीवर लाइनें बिछाने के 1040 करोड़ रुपए से अधिक के कार्यों के अनुबन्ध जारी कर काम करवाया जा रहा है। जलापूर्ति वितरण प्रणाली के सुदृढ़ीकरण और उन्नयन के 253 करोड़ रुपए की परियोजना की एनआईटी जारी की जा चुकी है। इस तरह, जयपुर शहर में केन्द्र प्रवर्तित इस योजना के अंतर्गत 2624 करोड़ रुपए की स्वीकृत परियोजनाएं प्रगतिरत हैं।

जोधपुर शहर में अमृत 2.0 के अंतर्गत लगभग 731 करोड़ रुपए के एसटीपी और सीवरेज लाइन मरम्मत एवं नई सीवर लाइनें बिछाने के कार्य पूरे हो चुके हैं, जबकि 725 करोड़ रुपए के जलापूर्ति एवं सीवरेज कार्य प्रगतिरत हैं। इसी तरह कोटा शहर में 700.87 करोड़, उदयपुर में 420.92 करोड़, सीकर में 404 करोड़ रुपए, भीलवाड़ा में 360.94 करोड़, भरतपुर में 299.95 करोड़, अजमेर में 396 करोड़, अलवर में 294.46 करोड़ एवं भिवाड़ी में 276.59 करोड़ रुपए की परियोजनाओं के कार्य करवाए जा रहे हैं।

अमृत 2.0 में जलाशय पुनरुद्धार की 134 परियोजनाओं पर 505 करोड़ रुपए की लागत से काम किया जा रहा है। इनका उद्देश्य राज्य की ऐतिहासिक बावड़ियों, झीलों और तालाबों का पुनरुद्धार करना है, जो विरासत पर्यटन और भूजल पुनर्भरण दोनों की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

सुमेरपुर (पाली) में 23 करोड़ रुपए की लागत से वेस्टवाटर ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण और उपचारित जल को जवाई नई में प्रवाहित करने की परियोजना, सिंहप्रस्थ सरोवर के पुनरुद्धार एवं विकास के कार्य करवाए जा रहे हैं।

नाथद्वारा में 17.3 करोड़ रुपए की लागत से सिहाड़ और नाथूवास तालाब, बांसवाड़ा में 6.77 करोड़ रुपए से नाथेलाव और डायलाब तालाब के काम शुरू करवाए जा रहे हैं।

## शहीद सैनिक के पुत्र को अनुकम्पा नियुक्ति

**जयपुर ।** राज्य सरकार की संवेदनशील नीतियों के अनुसरण में जयपुर जिला प्रशासन ने शहीद सैनिकों के परिजनों को संबल प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। राजस्थान सेवा (शहीद सैनिकों के आश्रितों को अनुकम्पात्मक नियुक्ति) नियम, 2022 के अंतर्गत स्वर्गीय सैनिक सतीश कुमार राव के पुत्र नवीन कुमार को कनिष्ठ सहायक के पद पर नियुक्ति प्रदान की गई है। झुंझुनू जिले के घरडाना खुर्द (तहसील बुहाना) निवासी दिनेश कुमार को कार्यालय जिला कलक्टर, जयपुर में पदस्थापित किया गया है। नियुक्ति आदेश जारी होने के पश्चात उन्होंने 27 अप्रेल सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

# रीको बनाएगा भीलवाड़ा के कांखला में मेगा जिंक पार्क

**जयपुर ।** रीको प्रशासन भीलवाड़ा के कांखला में मेगा जिंक पार्क बनाएगा। दरअसल राइजिंग राजस्थान समिट-2024 में वेदांता समूह ने राज्य में जिंक एवं तेल उत्पादन क्षेत्र में एक लाख करोड़ रुपये के निवेश की प्रतिबद्धता जताते हुए राज्य सरकार के साथ एमओयू किया था। समिट के पश्चात राज्य सरकार, हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड एवं रीको के बीच कई दौर की बैठकों के बाद, हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने रीको को भीलवाड़ा जिले के कांखला क्षेत्र में लगभग 111 एकड़ भूमि पर जिंक पार्क विकसित करने का प्रस्ताव दिया गया।इस प्रस्ताव के अनुसार, रीको द्वारा पार्क की मास्टर प्लानिंग के साथ-साथ सड़क, जल एवं विद्युत आदि आधारभूत सुविधाएं भी उपलब्ध करायी जायेंगी। हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड, पार्क में 5 से 7 एकड़ क्षेत्र में अपना प्लांट एवं कॉमन फैसिलिटी सेंटर स्थापित करेगी।

इस प्रस्तावित पार्क में वेदांता ग्रुप जिंक उद्योग से जुड़ी विभिन्न कंपनियों को लाने की दिशा में कार्य कर रहा है। प्रारंभिक चरण में जिंक वेल्यू चेन से जुड़ी 5 से 6 कंपनियों ने निवेश करने में रुचि दिखाई है। वर्तमान में कांखला जिंक पार्क 111 एकड़ भूमि पर प्रस्तावित है। इसमें से हिंदुस्तान जिंक द्वारा प्रारंभिक चरण में लगभग 66 एकड़ भूमि पर निवेश के प्रस्ताव रीको को दिये गये है, जिनकी मांग का आंकलन कर रीको द्वारा लगभग 1000 वर्गमीटर से 80 हजार वर्गमीटर तक के विभिन्न आकार के भूखण्ड नियोजित किये गये हैं, ताकि एमएसएमई और वृहद उद्योगों को जिंक पार्क में औद्योगिक इकाई लगाने का अवसर मिल सके।

कांखला में प्रस्तावित यह जिंक पार्क उत्तरी भारत में अपनी तरह का पहला जिंक पार्क होगा, जिसमें सिर्फ जिंक वेल्यू चेन से जुड़ी हुई कंपनियां अपना प्लांट लगाएंगी। इससे राज्य के औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी और युवाओं के लिए व्यापक रोजगार अवसर सृजित होंगे।

## जमानत देने आए युवक का बदमाशों ने फिल्मी स्टाइल में किया अपहरण

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** बनीपार्क थाना इलाके में सोमवार को फिल्मी स्टाइल में एक युवक के अपहरण का मामला सामने आया है। रंजिश के चलते परिचितों ने युवक को कलेक्ट्री परिसर के बाहर से जबरन कार में डालकर अगवा कर लिया और मारपीट करने के बाद सड़क किनारे फेंक कर फरार हो गए।

थानाधिकारी मनोज कुमार बेरवाल ने बताया कि जयसिंहपुरा खोर निवासी महेन्द्र सैनी (25) अपने रिश्तेदारों की जमानत के लिए 26 अप्रैल को कलेक्ट्री आया था। उसके रिश्तेदारों का पडौसियों से विवाद होने पर पुलिस ने उन्हें शांतिभंग में गिरफ्तार किया था।

शाम करीब 5:30 बजे महेन्द्र पानी भरने के लिए बाहर निकला, तभी दूसरे पक्ष के 4-5 लोग उसके पीछे आ गए। कहासुनी के बाद आरोपियों ने उसका पीछा कर कलेक्ट्री के गेट नंबर-1 के पास पकड लिया और मारपीट करते हुए जबरन कार में पटक कर ले गए। चलती कार में भी उसके साथ मारपीट की गई। इधर परिजनों द्वारा पुलिस को सूचना देने और कार्रवाई की भनक लगने पर आरोपी युवक को जयसिंहपुरा खोर थाना क्षेत्र के बाहर सड़क किनारे फेंककर फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर बनी पार्क थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# दो सप्ताह में नाबालिग को पेश करो, वरना पुलिस अधीक्षक विफलता का कारण बताए

## हाईकोर्ट ने चौथ का बरवाड़ा क्षेत्र से 2 माह पूर्व अपहृत हुई नाबालिग को 2 सप्ताह में बरामद कर अदालत में पेश करने के आदेश दिए

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने चौथ का बरवाड़ा थाना इलाके से दो माह पूर्व अपहृत हुई नाबालिग को दो सप्ताह में बरामद कर अदालत में पेश करने के आदेश दिए हैं। अदालत ने कहा कि यदि पीडिता बरामद नहीं होती है तो सवाई माधोपुर पुलिस अधीक्षक हलफनामा पेश कर पुलिस की विफलता के कारणों की जानकारी दे। जस्टिस महेन्द्र कुमार गोयल और जस्टिस भुवन गोयल की खंडपीठ ने यह आदेश कुंज बिहारी मीणा की ओर से दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।सुनवाई के दौरान स्थानीय थानाधिकारी अदालत में हाजिर हुए। वहीं अतिरिक्त महाधिवक्ता राजेश चौधरी ने अदालत को बताया कि पुलिस को पीडिता की मौजूदगी को लेकर कुछ सुराग मिला है। ऐसे में उसे बरामद करने के लिए समय दिया जाए। जिसे स्वीकार करते हुए अदालत ने पीडिता को पेश नहीं करने पर एसपी को हलफनामा देने को कहा है। बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका में अधिवक्ता लक्ष्मीकांत मालपुरा ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता की नाबालिग बेटी गत 8 फरवरी से गायब है। गांव के ही एक युवक के खिलाफ उसने स्थानीय थाने में अपहरण का मामला भी दर्ज कराया हुआ है। इसके बावजूद भी पुलिस अभी तक उसका पता नहीं लगा पाई है। उसे आशंका है कि पीडिता के साथ गलत घटना हो सकती है।

## रिटायर्ड कर्नल को बंधक बनाकर 2.20 लाख रु. लूटे

**जयपुर।** बगरू इलाके में दिनदहाड़े एक सनसनीखेज वारदात में नकाबपोश बदमाश ने रिटायर्ड कर्नल को बंधक बनाकर 2.20 लाख रुपये लूट लिए। बदमाश ने हथियार के बल पर घर में घुसकर वारदात को अंजाम दिया और बुजुर्ग को बेहोश कर हाथ-पैर व मुंह बांधकर फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) प्रशांत किरण ने बताया कि ओमेक्स सिटी बगरू निवासी 71 वर्षीय रिटायर्ड कर्नल रविवार दोपहर करीब 1:30 बजे घर पर अकेले टीवी देख रहे थे। इसी दौरान एक युवक गेट खोलकर अंदर घुस आया। उसके हाथ में चाकू था और पेंट में पिस्टल रखी हुई थी। आरोपी ने हेलमेट पहन रखा था और धमकाते हुए नकदी की मांग की। रुपये नहीं होने की बात कहने पर बदमाश ने उनका मोबाइल छीनकर तोड़ दिया और जेब से कोई पदार्थ निकालकर उन्हें सुंघा दिया, जिससे वे बेहोश हो गए। इसके बाद आरोपी ने उसके हाथ-पैर और मुंह बांध दिए तथा कमरे की रैक में रखे 2.20 लाख रुपये निकालकर बैग में रख लिए और फरार हो गया। जहां पीड़ित को करीब ढाई घंटे बाद शाम करीब 4 बजे होश आने पर खुद को बंधक अवस्था में पाया। कमरे में सामान बिखरा हुआ था। मुंह बंधा होने के कारण वह मदद के लिए आवाज भी नहीं लगा सके। करीब 45 मिनट की मशक्कत के बाद उन्होंने खुद को बंधन से मुक्त किया और पड़ोसियों को सूचना दी।

## सेवा भारती ने निभाई पग फेरा की रस्म

**जयपुर।** सेवा भारती समिति जयपुर की ओर से 25 अप्रैल को अंबाबाड़ी स्थित आदर्श विद्या मंदिर में आयोजित 15वें श्रीराम-जानकी सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन में परिणय सूत्र में बंधे जोड़ों का मंगलवार को सहकार मार्ग स्थित सेवा भारती के प्रदेश कार्यालय सेवा सदन में सम्मान किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेशजी को भोग लगाकर की गई तथा गणेशजी को विदा दी गई।

इस मौके पर दुल्हनों के पग फेरा रस्म भी पूरे विधि विधान से संपन्न की गई, जिस तरह शादी के बाद बेटी को मायके बुलाया जाता है, ठीक उसी तरह 45 जोड़ों को सेवा सदन में बुलाकर पग फेरे की रस्म पूरी की गई।

# आतंकवादी और व्याभाचारी नहीं होगा भारतीय शिक्षा बोर्ड का पढ़ा कोई बच्चा : स्वामी रामदेव

## भारतीय शिक्षा बोर्ड के प्रांतीय कार्यालय का लखनऊ में उद्घाटन

**हरिद्वार/लखनऊ।** भारतीय शिक्षा बोर्ड के प्रांतीय कार्यालय का उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री माध्यमिक शिक्षा गुलाब देवी, स्वामी रामदेव, विशिष्ट अतिथि डॉ. एनपी सिंह सहित संतों के सानिध्य में दीप प्रज्वलित करके किया गया। प्रांतीय कार्यालय क्रिश्चयन कॉलेज लखनऊ के प्रांगण में खुला है। इस अवसर पर स्वामी रामदेव ने कहा कि जिस तरह से योग क्रांति की शुरुआत हुई थी। ठीक उसी तरह उत्तरप्रदेश की लखनऊ की इस धरा से शिक्षा की क्रांति की शुरुआत होने जा रही है। जिसके मूल में भारतीय शिक्षा बोर्ड है। उन्होंने कहा कि भारतीय शिक्षा बोर्ड से पढ़ने वाला कोई बच्चा आतंकवादी और व्यवभाचारी नहीं बनेगा। भारतीय शिक्षा बोर्ड देश ही नहीं दुनिया तक अपनी डंका बजायेगा। मैकाले के पाप को हम मिटा कर रहेंगे।




लखनऊ में भारतीय शिक्षा बोर्ड के प्रांतीय कार्यालय का उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री माध्यमिक शिक्षा गुलाब देवी, स्वामी रामदेव, विशिष्ट अतिथि डॉ. एनपी सिंह सहित संतों के सानिध्य में हुआ।

- **भारतीय शिक्षा बोर्ड किसी धर्म, पंत या महज का नहीं, 150 करोड़ भारतीयों का: एनपी सिंह**

दीप प्रज्जवलन के बाद शिक्षा संवाद के दौरान मुख्य अतिथि मंत्री माध्यमिक शिक्षा (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने कहा कि अंग्रेजी स्कूलों में जो शिक्षा दी जा रही है, वह दिशाहीन हो चुकी हैं। पाश्चात्य संस्कृति की ओर वह प्रेरित करती हैं। इस स्कूल के बच्चे अपने माता-पिता को सुबह उठकर प्रणाम करना भूल चुके हैं। क्या ऐसी शिक्षा की कल्पना हमने की थी। उन्होंने कहा कि स्वामी रामदेव ने भारतीय शिक्षा बोर्ड के तहत जो बीडा उठाया है, वह निश्चित तौर पर बच्चों के चरित्र निर्माण करेगा।

उन्होंने आश्वस्त किया कि उत्तरप्रदेश सरकार से भारतीय शिक्षा बोर्ड के लिए जो भी सहयोग होगा, वह सरकार के स्तर पर की जाएगी। उन्होंने कहा कि भारतीय शिक्षा बोर्ड तो संतों की लीला है। जहां स्वामी रामदेव जैसे संत हो, वहां का बोर्ड निश्चित तौर पर विश्व स्तर पर अपनी पहचान स्थापित करेगा। उन्होंने गुरु और डाक्टर का उदाहरण दिया। कहा कि गुरू बच्चों के जीवन में आध्यात्मिकता लाता है और बच्चे भावनात्मक रूप से जुड़ जाते हैं। इसलिए शिक्षकों का आचरण और व्यवहार बच्चों के प्रति बहुत अच्छा होना चाहिए जबकि डॉक्टर भी कुछ इसी तरह की भूमिका निभाता है। वह हमारे जीवन को बचाता है।

विशिष्ट अतिथि भारतीय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन एनपी सिंह ने भारतीय शिक्षा बोर्ड के उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारतीय शिक्षा बोर्ड किसी धर्म, पंत या मजहब का नहीं है। यह सभी 150 करोड़ भारतीयों का बोर्ड है। उन्होंने कहा कि आधुनिक शिक्षा में भारतीय ज्ञान परंपरा का समन्वय को लेकर भारतीय शिक्षा बोर्ड का गठन किया गया है। इस दौरान डॉ महेन्द्र सिंह, अवध ओझा ने भी अपनी ओजस्वी संदेश और शुभकानाएं दी। इस दौरान डॉ महेन्द्र सिंह, अवध ओझा, आचार्य स्वदेश, साध्वी देवप्रिया, पुष्कर द्रवेदी, राकेश, संत आलोक दास आदि मौजूद रहें।

# अक्षय कुमार बने क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन के ब्रांड एंबेसडर

## ''देश का किसान, देश का असली हीरो'' अभियान लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन लिमिटेड (क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन), जो भारत की एक रिसर्च-आधारित एग्री-इनपुट कंपनी है, ने आज अक्षय कुमार को अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करने की घोषणा की। इस साझेदारी के साथ ही क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन ने अक्षय कुमार के साथ अपना पहला राष्ट्रीय ब्रांड अभियान देश का किसान, देश का असली हीरो भी लॉन्च किया।

यह सहयोग क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन की भारतीय कृषि के प्रति तीन दशकों की प्रतिबद्धता को अक्षय कुमार के साथ जोड़ता है। इस साझेदारी के माध्यम से कंपनी का उद्देश्य भारत के किसानों के साथ अपने संबंध को और मजबूत करना तथा उन्हें उन्नत समाधान अपनाने और खेती की लाभप्रदता बढ़ाने में मदद करना है।

क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन लिमिटेड के कार्यकारी अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, अंकुर अग्रवाल ने कहा, अक्षय कुमार दृढ़ता, अनुशासन और उद्देश्य की गहरी भावना का प्रतिनिधित्व करते हैं-ये वही मूल्य हैं जिन पर क्रिस्टल काम करता है। यह साझेदारी हमारे लिए एक राष्ट्रीय आइकन को उन असली नायकों से जोड़ने का माध्यम है जो देश का पेट भरते हैं-हमारे किसान। हमारे लिए किसान केवल एक हितधारक नहीं, बल्कि हमारे अस्तित्व का कारण हैं। देश का किसान, देश का असली हीरो अभियान को टेलीविजन, डिजिटल प्लेटफॉर्म और विभिन्न ग्राउंड-लेवल किसान सहभागिता कार्यक्रमों के माध्यम से चलाया जाएगा। यह अभियान किसानों को राष्ट्र की रीढ़ के रूप में सम्मानित करेगा और साथ ही क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन की भूमिका को भी उजागर करेगा, जो फसल सुरक्षा समाधान, बीज और क्रिस्टल डॉक्टर नेटवर्क के जरिए फार्म सलाह सेवाएं प्रदान करता है। क्रिस्टल ब्रांड्स बिजनेस के चीफ बिजनेस ऑफिसर, सोहित सत्यावली ने कहा, अक्षय कुमार हमेशा से अपनी विश्वसनीयता और प्रामाणिकता के लिए जाने जाते हैं, और यह साझेदारी क्रिस्टल ब्रांड को भी वही विश्वसनीयता प्रदान करेगी।

